**Regarding increase in remuneration of labourers**

**श्री कुलदीप इंदौरा (गंगानगर) :** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से ग्रामीण विकास मंत्रालय से कहना चाहता हूं कि मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरों का जो भुगतान है, इसकी समस्या मेरे लोक सभा क्षेत्र में लोगों को झेलनी पड़ती है ।

माननीय सभापति**:** बेनीवाल जी, आप बैठ जाइए । सदन यहां से संचालित होता है ।

श्री कुलदीप इंदौरा **:** महोदय, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि वहां हमारे जो मजदूर काम करते हैं, उनकी दिहाड़ी 266 रुपये है, लेकिन उनको 100 रुपये, 120 रुपये और 150 रुपये दिहाड़ी मिलती है । उनके मैटेरियल का जो भुगतान है, वह एक साल, डेढ़ साल और दो साल तक आता है । उसमें भी कम से कम डेढ़-दो साल का समय लगता है । इससे हमारे लोगों को समस्या होती है ।

महोदय, मैं चाहता हूं कि मजदूरों की दिहाड़ी बढ़ा कर 500 रुपये की जाए । उनको समय पर दिहाड़ी मिलनी चाहिए । मैटेरियल का भुगतान भी समय से होना चाहिए, ताकि लोग सही तरह से काम कर सकें ।